हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
सोमवार, 15 फरवरी 2021, धनबाद, पांच प्रदेश, 21 संस्करण
www.livehindustan.com

# वैलेंटाइन डे पर चोरी-चोरी चुपके हुआ प्यार का इजहार

धनबाद | प्रमुख संवाददाता


- वैलेंटाइन डे पर शॉपिंग मॉल और रेस्टोरेंट रहे गुलजार
- पार्क में ताला बंद रहने की वजह से प्रेमी जोड़ों को मिलने में हुई परेशानी

सात दिनों तक चले वीक के बाद वह दिन आ ही गया, जिसका प्रेमी जोड़ों को महीनों से इंतजार था। रविवार को वैलेंटाइन डे पर शहर के प्रेमी जोड़ों का जमावड़ा शॉपिंग मॉल और रेस्टोरेंट में रहा। चोरी-चोरी, चुपके-चुपके प्यार का इजहार हुआ।

रविवार को वैलेंटाइन डे पर शहर के बाजार में अन्य दिनों के मुकाबले चहल-पहल रही। खासकर बिग बाजार और बैंक मोड़ स्थित सेंट्रल प्लाजा में युवा जोड़े घूमते हुए दिखे। पार्क और सिनेमाघर बंद रहने से इन्हें सुकून का पल बिताने की जगह नहीं मिली।







रविवार को वैलेंटाइन डे के लम्हों को कैमरे में कैद कराते अनूप गोयल व पूजा (बाएं) और मॉल में कार्यक्रम में मौजूद जोड़े।

फिर भी मॉल में वैलेंटाइन डे को ध्यान में रखते हुए उसे आकर्षक रूप से सजाया गया था। यहां भी लोग सेल्फी लेते हुए दिखाई दिए। होटल-रेस्टोरेंट में खास तैयारी

शहर के होटल रेस्टोरेंट में भी वैलेंटाइन डे को लेकर खास तैयारी की गई थी। सोनोटेल होटल में रूफ टॉप पर वैलेंटाइन डे के थीम पर सजाया गया था। वहीं होटल द वेडिंग बेल्स में भी वैलेंटाइन कपल के लिए कॉटिज को सजाया गया था। लाइव म्यूजिक के बीच लोगों ने कैंडल लाइट डीनर का मजा उठाया।

## गिफ्ट और गुलाब की जमकर हुई खरीदारी

वैलेंटाइन डे के दिन गिफ्ट और गुलाब की जमकर खरीदारी हुई। एक-एक लाल गुलाब 30 रुपए तक में बिका। वहीं गिफ्ट सेंटर में भी युवाओं ने अपनी प्रेमिकाओं को देने के लिए गिफ्ट की खरीदारी की। पहली बार सोने के गहने भी गिफ्ट करने का चलन देखा गया।

OZONE GALLERIA ™

